आकाशवाणी केन्द्र शिमला
06.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे

## होमगार्ड

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने महिला गृह रक्षकों को एक सौ 80 दिन का मातृत्व अवकाश देने और गृह रक्षा बल को सुदृढ़ करने के लिए सात सौ पद भरने का ऐलान किया है। होमगार्ड व नागरिक सुरक्षा के 62वें स्थापना दिवस पर आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हुए राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आपदा प्रबंधन, कानून व्यवस्था व आपातकालीन परिस्थितियों में होमगार्ड के जवानों का अहम योगदान है और ये जवान निस्वार्थ भाव से समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने होमगार्ड के जवानों को बाहरी राज्यों में तैनाती के दौरान मिलने वाले भत्ते को 60 रूपए से बढ़ाकर पांच सौ रूपए प्रतिदिन का ऐलान भी किया, जिसके लिए आगामी बजट में प्रावधान किया जाएगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार राज्य आपदा प्रबंधन बल के आधुनिकीकरण के लिए प्रतिबद्ध है और जिला मुख्यालयों में ड्रोन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ के पास इस समय पांच किलोग्राम क्षमता तक वजन उठाने में सक्षम ड्रोन है और आपदा प्रबंधन की दिशा में अधिक क्षमता वाले ड्रोन की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले होमगार्ड के जवानों को इस मौके पर सम्मानित किया।

## पुण्यतिथि

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेदकर की 69वीं पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनकी पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई गई। शिमला के अम्बेडकर चौक में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अम्बेडकर एक महान राजनीतिज्ञ थे और भारतीय संविधान तैयार करने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि भीमराव अम्बेडकर ने देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में अहम योगदान दिया।

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल, राज्य पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आर.एस. बाली और अन्य गणमान्य लोगों ने भी इस मौके पर डॉक्टर अम्बेडर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

पुण्यतिथि——राज्यपाल

इधर शिमला स्थित राजभवन में भी इस मौके पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया, जहां राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने भीमराव अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अम्बेडकर ने लोगों को सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किए और जीवन पर्यन्त गरीबों, शोषितों और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया। पत्रकारों से बातचीत में राज्यपाल ने शिमला में डॉक्टर भीमराव अम्बेदकर की पुण्यतिथि पर हुए राज्य स्तरीय समारोह के लिए उन्हें भेजे गए निमंत्रण में राज्य सरकार या नगर निगम द्वारा प्रोटोकॉल का ध्यान न रखे जाने पर नाराजगी जताई।

नागरिक उड्डयन

केंद्र सरकार ने हिमाचल को हवाई अडडों के विकास के लिए 2 सौ 13 करोड़ 52 लाख रूपए जारी किए हैं, जिनमें से इस वर्ष 31 अक्तूबर तक एक सौ 60 करोड़ 46 लाख रूपए की राशि का उपयोग किया गया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने सांसद इंदु गोस्वामी के एक प्रश्न के उत्तर में राज्यसभा में बताया कि उडान योजना के तहत 29 राज्यों को अब तक लगभग पांच हजार दो सौ 79 करोड़ रूपए जारी किए जा चुके हैं। इसके अलावा योजना के माध्यम से हवाई अड्डों, हैलीपोर्ट और वॉटर एरोड्रोमेस को स्तरोन्नत करने के लिए चार हजार पांच सौ करोड़ रूपए की राशि जारी की गई।

शीतकालीन उत्सव

मशोबरा स्थित राष्ट्रपति निवास में कल 7 दिसंबर को शीतकालीन उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रदेश की जीवंत सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने के लिए समर्पित है, जो राष्ट्रपति द्वारा की गई पहल के तहत राष्ट्रपति भवन को सांस्कृतिक केंद्रों में बदलने के दृष्टिकोण के अनुरूप होगा। इस महोत्सव में राज्य ऑर्केस्ट्रा बैण्ड, हार्मनी ऑफ पाइंस द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी, साथ ही स्थानीय कलाकारों द्वारा पारंपरिक समूह नृत्य और इंडियन आइडल प्रतिभागी द्वारा विशेष गायन प्रस्तुति भी दी जाएगी।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने विकसित भारत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने की तारीख 10 दिसंबर तक बढ़ाने की घोषणा की है। पहले यह तिथि पांच दिसंबर थी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए माई भारत प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण किया जा सकता है। यह प्रतियोगिता 15 से 29 वर्ष की आयुवर्ग के सभी युवाओं के लिए है। वे विकसित भारत पर अपने विचार साझा कर सकते हैं। विजेता प्रतिभागी 11 और 12 जनवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष विकसित भारत के लिए अपना दृष्टिकोण और विचार प्रस्तुत करेंगे।